छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

तृतीय विधान सभा | त्रयोदश सत्र | अंक-01

रायपुर, सोमवार, दिनांक 15 जुलाई, 2013

(आषाढ़ -24, शक संवत 1935)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

2.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री नंदकुमार पटेल-छत्तीसगढ़ विधान सभा के वर्तमान सदस्य, श्री विद्याचरण शुक्ल-पूर्व केन्द्रीय मंत्री, श्री महेन्द्र कर्मा-छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष, श्री उदय मुदलियार-छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री लोकेन्द्र यादव-अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री अनंतराम वर्मा-अविभाजित मध्यप्रदेश शासन के पूर्व उपमंत्री, श्री जे.पी.एल. फ्रांसिस-अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री कपिलदेव नारायण सिंह-अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री सुभाष यादव-अविभाजित मध्यप्रदेश शासन के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं उत्तराखण्ड में आई प्राकृतिक आपदा में मृतकजन के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए ।

मुख्यमंत्री-डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष- श्री रविन्द्र चौबे, ने अपने शोकोद्गार व्यक्त किये।

शोकोद्गार के दौरान श्री रविन्द्र चौबे, नेता प्रतिपक्ष द्वारा घटना की विस्तृत जानकारी दिए जाने पर माननीय अध्यक्ष ने आग्रह किया कि श्रद्धांजलि के माध्यम से हम दिवंगतों को स्मरण कर रहे हैं। घटना पर विस्तार से चर्चा विषय नहीं है। दिवंगतों के जीवन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कृपया अपनी बातें रखें।

श्री दूजराम बौद्ध, सदस्य ने शोकोद्गार व्यक्त किए। श्री अजीत जोगी, सदस्य ने भी घटना की जानकारी विस्तार से देते हुए शोकोद्गार व्यक्त किए।

श्री अजीत जोगी, सदस्य द्वारा शोकोद्गार के दौरान घटना के संबंधित कुछ प्रश्न पूछे जाने पर माननीय अध्यक्ष ने कथन किया कि यह समय प्रश्न करने का नहीं है। इसके लिए अन्य अवसर हैं। यह श्रद्धांजलि का अवसर है इस पर श्रद्धांजलि की बात की जाए । चूंकि प्रतिपक्ष ने चर्चा की मांग नहीं की है, और उस पर चर्चा नहीं करना चाहते तो श्रद्धांजलि के अवसर पर जो अन्य बातें आई हैं क्या उसे कार्यवाही से विलोपित कर दिया जाए?

सर्वश्री लखमा कवासी, अमितेष शुक्ल, धर्मजीत सिंह, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से कार्यसूची के पद क्रमांक 1 का कार्य पूर्ण होने तक भोजन अवकाश के समय में वृद्धि की घोषणा की।)

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवार के लिए संवेदना प्रकट की गई।

3.अध्यक्षीय व्यवस्था

माननीय अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि - आज की कार्यवाही में भावनाओं में बहकर बहुत कुछ ऐसी बातें, शब्दावली का प्रयोग किया गया है, जो नहीं किया जाना था। सदस्य भावुक थे। चूंकि श्रद्धांजलि का अवसर था, अत: मैंने तत्समय ऐसी बातें विलोपित नहीं की है। मैं सम्पूर्ण कार्यवाही देखकर कार्यवाही को अंतिम रूप दूंगा। मैं आज की कार्यवाही को सुरक्षित रखता हूं। अधिकृत कार्यवाही पश्चात् जारी की जावेगी। आज की कार्यवाही अधिकृत रूप से जारी होने के पश्चात् प्रकाशित की जाए।

दिवंगतों के सम्मान में अपराह्न 1.37 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनाँक 16 जुलाई, 2013 (आषाढ़, 25 शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा